कार्यालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, पीलीभीत।

आदेश संख्या–131/2021 दिनांक अप्रैल 22 2021

<u>आदेश</u>

माननीय जनपद न्यायाधीश पीलीभीत द्वारा पारित आदेश संख्या–124/2021 दिनांक अप्रैल 22, 2021 के प्रस्तर–1 में सम्प्रेक्षित किया गया है–

1–महासचिव जिला संयुक्त बार बार एसोसियशन, पीलीभीत महासचिव सेन्ट्ल बार एसोसियेशन पीलीभीत व अध्यक्ष सिविल बार एसोसियेशन द्वारा प्रेषित संयुक्त प्रस्ताव दिनांक 22.04.2021 के द्वारा अवगत कराया गया कि श्री बी. पी. सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता की आज सुबह 4 बजे कोविड 19 से मृत्यु हो गयी। दिवंगत अधिवक्ता की पत्नी एवं पुत्र तथा अनेको और अधिवक्ता संक्रमित है, जो लगातार वकालत करने कचहरी पीलीभीत आ रहे थे। ऐसी स्थिति में बार एसोसियेशन मांग करती है कि संक्रमण की भयंकर स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए कचहरी दो दिन के लिये बंद कर सम्पूर्ण कचहरी एवं न्याय भवन में सेनेटाइज कराया जाना अति आवश्यक है तथा दो दिन का अवकाश कर न्यायालय बंद किया जाना भी आवश्यक है ताकि कोविड 19 के संक्रमण से बचा जा सके।

2. जिलाधिकारी पीलीभीत द्वारा गठित त्रिस्तरीय समिति द्वारा प्रस्तुत आख्या दिनांकित 22.04.2021 के अनुसार श्री बी.पी. सिंह (अधिवक्ता सिविल बार एसोसियेशन) ने कोविड 19 आर.टी.पी.सी.आर. टेस्ट कराया तथा कोरोना परीक्षण में धनात्मक पाये गये। श्री बी.पी. सिंह गोदावरी स्टेट पीलीभीत में निवास करते थे, जिनका रूहेलखण्ड मेडिकल कालेज बरेली में उपचार के दौरान दिनांक 22.04.2021 प्रातः देहान्त हो गया। अतः न्यायालय परिसर को सेनेटाइजेशन कार्य हेतु एक दिवस बंद किये जाने की संस्तुति की जाती है।

3–माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्रांक संख्या 1941/LXXXVII&CPC/e-Courts/ Allahabad Dated:05-04.2021 के बिन्दु सं. 8 व 9 पर निम्नलिखित दिशा निर्देश निर्गत किये गये है–

8–Where the District Adminitration/ CMO concerned is of the opinion that the District/Outlying Court Campus should be closed for a particular period and/ or the District Judge/Principal Judge Family court, Presiding officer, Commercial Court/ Land Acquisition, Rehab &Resettlement Authority/ Motor Accident Claims Tribunals concern is of the opinion that the concerned court/ Court campus should be closed for particular period then such Court/Court campus may be closed for the said period and an intimation mentioning the specifice reasons may be sent to Allahabad High Court.

9- Before opening of campus, District Judge/ Principal Judge Family Court Presiding Officer, Commercial Court/ Land Aqui, Rehab & Resettlement Authority/ Motor Accident Claims Tribunals concern shall ensure compete sanitization (strictly as per medical guidelines) cleaning of entire court campus with the help of District Magistrate other

administrative officers & CMO/CMS. District Authority shall ensure Sanitization of Campus Daily.

4– मेरी राय में मुख्य चिकित्साधिकारी पीलीभीत द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त संस्तुति आख्या के कम व माननीय उच्च न्याायलय इलाहाबाद के उपरोक्त दिशा निर्देशो के अनुपालन में जिला न्यायालय परिसर पीलीभीत दिनांक 23.04.2021 को सैनेटाइजेशन हेतु बंद किया गया है।

5–उल्लेखनीय है कि प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तथा अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय पीलीभीत जिला न्यायालय परिसर पीलीभीत में स्थित नव निर्मित छः कक्षीय न्यायालय कक्ष भवन में स्थित है उक्त को भी उक्त दिनांक को सैनेटाइजेशन हेतु बन्द किया जायेगा।

6–उक्त तथ्यों के आलोक में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तथा अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय पीलीभीत को दिनांक 23.04.2021 को सैनेटाइजेशन हेतु बन्द किया जाता है।

7–नोडल अधिकारी कम्प्यूटर्स जिला न्यायालय, पीलीभीत को निर्देशित किया जाता है कि वह उपरोक्त आदेश जिला न्यायालय पीलीभीत की बेबसाइट पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें।

9–सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत को निर्देशित किया जाता है कि वह उक्त आदेश को दैनिक समाचार पत्रों मे निःशुल्क प्रकाशन एवं अन्य प्रकार से प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें।

10–समस्त सम्बन्धित सूचित हो। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद को सूचनार्थ प्रेषित की जाये।

11–परिवारिक न्यायालयों में दिनांक 23.04.2021 को लम्बित समस्त वादों, अर्जेन्ट प्रकृति के वादों के,अतिरिक्त सामान्य तिथि नियत की जायेगी।

12–पारिवारिक न्यायालयों में दिनांक 23.04.2021 को आदेश व निर्णय हेतु नियत वाद न्यायालय के खुलने के दिनांक 27.04.2021 को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जायेगें।

Sanjeev Shukla

दिनांक अप्रैल 22, 2021

(संजीव शुक्ला)
प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, पीलीभीत।

पत्रांक /प्रशा0–2020 दिनांकितः अप्रैल 22 ,2021

1– अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय पीलीभीत।
2– नोडल अधिकारी कोबिड 19 /अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय पीलीभीत।
3– जिलाधिकारी पीलीभीत।
4– पुलिस अधीक्षक, पीलीभीत।
5– अधीक्षक जिला कारागार, पीलीभीत।
6– मुख्य चिकित्साधिकारी, पीलीभीत।
7– अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, पीलीभीत।

8– अध्यक्ष/सचिव, जिला संयुक्त बार ऐसोसियेशन, पीलीभीत।

9– अध्यक्ष/सचिव, सिविल बार ऐसोसियेशन, पीलीभीत।

10– अध्यक्ष/सचिव, जिला सेन्ट्रल बार ऐसोसियेशन, पीलीभीत।

11– आदेश की प्रति न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये।

Sanjeev Shukla

दिनांक अप्रैल 22,2021

(संजीव शुक्ला)
प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, पीलीभीत।